Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Tiger survey and special pilot project for White Tiger Conservation in the Vindhya region, Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे शून्यकाल में टाइगर का मुद्दा उठाने का अवसर दिया ।

महोदय, मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं । उन्होंने बाघों का जो सर्वेक्षण कराया, उसमें पांच लाख किलोमीटर्स तक कर्मचारी पैदल चले थे और एक लाख से अधिक कैमरे लगाए गए थे । यह इतिहास में अब तक का पहला अवसर है ।

सोमवार, 29 जुलाई, 2019 को विश्व टाइगर दिवस पर प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बाघों की संख्या 2,967 बताई है, जो वर्ष 2014 के मुकाबले 741 अधिक है । बाघों के लिए सबसे अनुकूल जलवायु तथा स्थान मध्य प्रदेश है, जहां सर्वाधिक 526 बाघ मौजूद हैं, उसका देश में पहला स्थान है ।

महोदय, मैं जिस लोक सभा क्षेत्र से आता हूं, वहां विश्व की सबसे अनोखी वाइट टाइगर सफारी, मुकुंदपुर में स्थापित है, जहां सफेद शेरों की चहलकदमी अक्सर देखी जा सकती है । देश में यदि पहली बार कहीं सफेद शेर देखा गया था तो वह जगह मेरे लोक सभा क्षेत्र मुकुंदपुर सहित विन्ध्य के जंगल में देखा गया था । पन्ना टाइगर, बांधवगढ़, कान्हा, नरोहिल में बड़ी संख्या में टाइगर्स उपस्थित हैं ।

मैं भारत सरकार का ध्यान विन्ध्य क्षेत्र में टाइगरों के संरक्षण हेतु दिलाना चाहता हूं । मैं इस क्षेत्र में टाइगरों के संरक्षण हेतु विशेष पायलेट प्रोजेक्ट बनाए जाने की मांग करता हूं । क्या विश्वस्तरीय वाइट टाइगर सफारी को और विश्वस्तरीय सुविधायुक्त बनाया जाएगा?

मैं पुन: प्रधान मंत्री जी को इस सर्वेक्षण के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : सर्वश्री नारणभाई काछड़िया, देवजी एम. पटेल, डॉ. किरिट पी. सोलंकी, उदय प्रताप सिंह एवं सुधीर गुप्ता को श्री गणेश सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।